फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री मोतीलाल सिंघानिया निवासी जी–37 रीको चतुर्थ फेस, पुर रोड़ भीलवाड़ा — अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा — प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या** 16/2025

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.04.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से जरिये पत्र क्रमांक :– आर.टी.आई./2025/263 दिनांक 19.03.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी श्री मोतीलाल सिंघानिया निवासी जी–37 रीको चतुर्थ फेस पुर रोड़ भीलवाड़ा द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दिनांक 17.01.2025 को आवेदन प्रस्तुत कर 3 बिन्दुओं के संबंध में कार्यवाही की प्रतियां चाही गई थी प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक आरटीआई/2025/168 दिनांक 19.02.2025 से इस कार्यालय द्वारा की गई कार्यवाही की प्रतिलिपि जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवा दी गई। प्रार्थी द्वारा अपने आवेदन प्रथम बिन्दु से उपखण्ड मजिस्ट्रेट महोदय नाथद्वारा के पत्र क्रमांक 704–405 दिनांक 05.12.2024 एवं द्वितीय बिन्दु में पत्र क्रमांक 514 दिनांक 26.09.2024 पर हुई कार्यवाही की प्रमाणित चाही गई जो प्रार्थी को उपरोक्तनुसार उपलब्ध करा दी गई तथा तथा बिन्दु संख्या 03 में प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना बताया इस कार्यालय में उपलब्ध रेकॉर्ड में प्रार्थी द्वारा कोई प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करना नहीं पाया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी बिन्दु संख्या 1 से 3 तक की सुचनाओं के संबंध में लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा द्वारा बिन्दु संख्या 1 व 2 की सूचना जरिये पत्र क्रमांक आरटीआई/2025/168 दिनांक 19.02.2025 से प्रार्थी को उपलब्ध करवा दी गई है। तथा बिन्दु संख्या 3 की सूचना में अपीलार्थी द्वारा कार्यालय तहसील देलवाड़ा में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना बताया परन्तु लोक	

जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा की रिपोर्ट के अनुसार कार्यालय में उपलब्ध रेकॉर्ड में प्रार्थी द्वारा कोई प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करना नहीं पाया गया। अतः लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा द्वारा बिन्दु संख्या 1 व 2 की सूचना जरिये पत्र क्रमांक आरटीआई/2025/168 दिनांक 19.02.2025 से प्रार्थी को उपलब्ध करवा दी गई है। तथा बिन्दु संख्या 3 की सूचना के संबंध में अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना के संबंध में नियमानुसार आवेदन कर वांछित सूचना प्राप्त करें। अतः उक्त अपील को निर्णित किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर
राजसमन्द (राज.)